महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट

MAHATMA GANDHI CHITRAKOOT GRAMODAYA VISHWAVIDYALAYA, CHITRAKOOT

District -Satna (M.P.) - 485 334, INDIA

Accredited by 'NAAC' with "A" Grade

(Established by the Govt. of Madhya Pradesh through legislature by Act No.09 of Year 1991)

पत्रांक– सी. एम. सी. एल. डी. पी./22/1960 दिनांक– 21/07/2022

प्रति,

समस्त प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय/विद्यालय
मध्यप्रदेश

विषयः **शैक्षणिक सत्र 2022–23 में प्रदेश के समस्त विकासखंडों में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) छात्रों की कक्षाओं के प्रारंभ के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः 1. उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक 1703 दिनांक 20.10.2021
2. लोकशिक्षण संचालनायल का पत्र क्रमांक 2005ए दिनांक 16.12.2021

विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रों के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड मुख्यालयों पर संचालित महाविद्यालयों में तथा ऐसे विकासखंड जहाँ महाविद्यालय संचालित नहीं है, वहां स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालयों में, पाठ्यक्रम का संचालन किए जानें की अनुमति प्रदान कर दी गई है। सुलभ सन्दर्भ हेतु अनुमति पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

अतः शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के सहयोग से प्रदेश के समस्त विकासखंडों में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस. डब्ल्यू (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की कक्षाओं का संचालन माह जुलाई 2022 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार दिनांक 24.07.2022 को समस्त विकासखंड मुख्यालयों पर स्थित अध्ययन केन्द्रों पर बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) पाठ्यक्रम के छात्रों एवं परामर्शदाताओं के उन्मुखीकरण का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु अपेक्षा है कि आप प्रत्येक रविवार को आयोजित होनेवाली बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डबल्यू. के पृथक–पृथक कक्षाओं के लिए दो स्मार्ट कक्ष निर्धारित करने का कष्ट करें जिससे समस्त शैक्षणिक सत्र पर्यन्त कक्षाओं एवं उसके उपरांत परीक्षाओं का आयोजन किया जा सके। कक्षाओं के संचालन एवं अन्य सुसंगत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु संबंधितों को निर्देशित करने एवं सुविधाओं के उपयोग की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आपसे मिलने वाले सक्रिय एवं सार्थक सहयोग के प्रति आश्वस्त है।

संलग्नक– यथोक्त

(डॉ. अजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. प्रमुख सचिव, महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल, मध्यप्रदेश, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. मा. कुलपति जी के निजी सचिव, म.गां.चि. ग्रा. वि.वि., चित्रकूट, सतना, म.प्र.
4. उपसचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. निज सहायतक, उपाध्यक्ष, म.प्र. जन अभियान परिषद, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन की ओर उनके संदर्भित पत्र के परिपेक्ष्य में सूचनार्थ।
7. प्रमुख सचिव,म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन की ओर उनके संदर्भित पत्र के परिपेक्ष्य में सूचनार्थ।
8. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन की ओर उनके संदर्भित पत्र के परिपेक्ष्य में सूचनार्थ।
9. निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी., म.गां.चि.ग्रा.वि.वि. चित्रकूट, सतना (म.प्र.)
10. निज सहायक, महानिदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
11. निज सहायक, कार्यपालक निदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद, भोपाल की ओर सूचनार्थ।

(डॉ. अजय कुमार)
कुलसचिव

Phone : 07670-265411 (O), Fax : 07670-265411
Website : www.mgcgvchitrakoot.com, email : mgcgv@rediffmail.com

Scanned with CamScanner